an>

Title: Need to rejuvenate and make river Aami in Uttar Pradesh pollution-free -laid.

श्री प्रवीन कुमार निषाद (संत कबीर नगर): मेरे संसदीय क्षेत्र संत कबीर नगर जनपद की एक मात्र जीवनदायिनी मानी जाने वाली 'आमी नदी' आज मृतप्राय सी हो गई है और इसका पानी इतना जहरीला हो गया है कि उसमें मवेशी भी नहाने से कतराता है । यह नदी संतकबीर नगर के विभिन्न इलाकों से होते हुए गोरखपुर के विभिन्न तलहटी इलाकों को जोड़ते हुए राप्ती नदी में मिली हुई है । खलीलाबाद में रैना पेपर मिल, संजय पेपर मिल, शहर का गंदा पानी, इंडस्ट्रियल एरिया का गंदा पानी और हैण्डलूम के धागा रंगाई का गंदा पानी सब आमी नदी में बहाया जाता है जिसके कारण नदी का पानी जहरीला हो गया है । कभी इस नदी में किसान भरपूर कृषि सिंचाई किया करते थे । आज इसका बहाव बंद हो गया है और गंदे नाले में तबदील हो गया है । अब नदी के दोनों किनारे की जमीन पर भू-माफिया कब्जा कर रहे हैं । पहले इस नदी में काफी मछलियां होती थी जिससे लाखों मछुआरे अपना जीवन यापन करते थे ।

मैं केन्द्र सरकार से मांग करता हूँ कि जनहित में आमी नदी को एनजीटी के तहत जीर्णोद्धार कर पूर्व की तरह जीवनदायिनी बनाया जाये ।